CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

CBSE 2026-27

हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

प्रश्न बैंक – सेट 2

पुस्तिका में प्रश्न

क्र.	अध्याय / विषय	MCQs	A-R	VSA	SA	LA	CS	All
1	अपठित गद्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
2	अपठित काव्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
3	रचना के आधार पर वाक्य भेद	3	1	12	0	0	0	**16**
4	वाच्य	3	1	12	0	0	0	**16**
5	पद परिचय	3	1	12	0	0	0	**16**
6	अलंकार	3	1	12	0	0	0	**16**
7	नेताजी का चश्मा	1	1	0	1	0	1	**4**
8	बालगोबिन भगत	1	1	0	1	0	1	**4**
9	लखनवी अंदाज़	2	1	0	1	0	1	**5**
10	एक कहानी यह भी	2	1	0	1	0	1	**5**
11	नौबतखाने में इबादत	1	0	0	1	0	1	**3**
12	संस्कृति	1	0	0	1	0	1	**3**
13	सूरदास — पद	2	1	0	1	0	1	**5**
14	तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद	2	1	0	1	0	1	**5**
15	जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य	1	0	0	1	0	1	**3**
16	निराला — उत्साह; अट नहीं रही है	1	0	0	1	0	1	**3**
17	नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल	3	1	0	4	0	1	**9**
18	मंगलेश डबराल — संगतकार	3	1	0	4	0	1	**9**
19	माता का अँचल	3	1	0	3	4	0	**11**
20	साना-साना हाथ जोड़ि	3	1	0	3	4	0	**11**
21	मैं क्यों लिखता हूँ?	3	1	0	3	4	0	**11**
22	अनुच्छेद लेखन	0	0	0	0	5	0	**5**
23	पत्र लेखन	0	0	0	0	4	0	**4**
24	स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन	0	0	0	0	8	0	**8**
	योग	**41**	**15**	**48**	**27**	**29**	**14**	**174**

MCQs = बहुविकल्पीय; A-R = अभिकथन–कारण; VSA = अति लघु उत्तरीय; SA = लघु उत्तरीय; LA = दीर्घ उत्तरीय; CS = केस/स्रोत आधारित।

विषय सूची

1. अपठित गद्यांश 3

2. अपठित काव्यांश 4

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद 6

4. वाच्य 7

5. पद परिचय 8

6. अलंकार 9

7. नेताजी का चश्मा 10

8. बालगोबिन भगत 11

9. लखनवी अंदाज़ 12

10. एक कहानी यह भी 13

11. नौबतखाने में इबादत 14

12. संस्कृति 15

13. सूरदास — पद 16

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद 17

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य 18

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है 19

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल 20

18. मंगलेश डबराल — संगतकार 22

19. माता का अँचल 24

20. साना-साना हाथ जोड़ि 25

21. मैं क्यों लिखता हूँ? 26

22. अनुच्छेद लेखन 27

23. पत्र लेखन 28

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन 29

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण) 30

1. अपठित गद्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

भारतीय संस्कृति, जीवनशैली और खान-पान में मोटे अनाजों (मिलेट्स) का विशेष स्थान रहा है। ये विशिष्ट अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते हैं क्योंकि कम पानी और संसाधन के बीच ये विकसित हो जाते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि भारत सरकार के सुझाव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया। जिसका उद्देश्य मोटे अनाजों को लेकर जागरूकता फैलाना और इनके उत्पादन व सेवन को बढ़ावा देना है।

आमजन के बीच मोटे अनाजों का सेवन पिछली कई शताब्दियों से प्रचलित है, परन्तु इसके पोषकीय और औषधीय गुणों की जानकारी हाल ही में हुए जैव-रासायनिक अनुसंधानों और चिकित्सा संबंधी अध्ययनों से सामने आई है। कुपोषण की समस्या के समाधान में मोटे अनाजों की अहम् भूमिका है। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाले रोगों के संदर्भ में मोटे अनाजों के अनेक स्वास्थ्य लाभों को दुनिया ने जाना-पहचाना और सराहा है। मोटे अनाजों में गेहूँ और धान की अपेक्षा प्रोटीन और संतुलित अमीनो अम्ल अधिक पाया जाता है। इस तरह से ये मोटे अनाज बाकी अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं। इसके अलावा, मोटे अनाज आहार संबंधी रेशों, गुणवत्तापूर्ण वसा और महत्त्वपूर्ण खनिज जैसे- कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन, ज़िंक तथा बी-कॉम्प्लेक्स विटामिनों के समृद्ध स्रोत हैं।

मोटे अनाजों में पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े इतने फ़ायदों के बावजूद वर्तमान समय में मानव आबादी इनका सेवन नहीं करती या बहुत कम लोग इसे अपने खाने की थाली में जगह देते हैं। यह एक विडंबना है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है? **[1]**

(a) कुपोषण की समस्या पर
(b) मोटे अनाज के महत्त्व पर
(c) संतुलित आहार के महत्त्व पर
(d) स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर

(ii) **अभिकथन (A):** मोटे अनाज बाकी अनाजों से पोषण के मामले में श्रेष्ठ होते हैं।
कारण (R): मोटे अनाजों में अनेक पोषकीय और औषधीय खूबियाँ होती हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष का उद्देश्य है : **[1]**

(a) मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना
(b) मोटे अनाज के प्रति जागरूकता फैलाना
(c) मोटे अनाज को मुख्य फ़सल घोषित करना
(d) मोटे अनाज की प्रतिष्ठा को क्षति पहुँचाना

(iv) आज मोटे अनाजों की लोकप्रियता के कारण दो लिखिए। **[2]**

(v) कुपोषण की समस्या के समाधान में मोटे अनाजों की भूमिका गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **[2]**

2. अपठित काव्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

गुलाब का फूल है
हमारा पढ़ा-लिखा
मैंने उसे काफी
उलट-पुलट कर देखा है
मुझे तो वह ऐसा ही दिखा

सबसे बड़ा सबूत
उसके गुलाब होने का यह है
कि वह गाँव में जाकर
बसने के लिए
तैयार नहीं है

गाँव में उसकी
प्रदर्शनी कौन कराएगा
वहाँ वह अपनी शोभा की
प्रशंसा किससे कराएगा

वह फूलने के बाद
किसी फसल में थोड़े ही
बदल जाता है
मूरख किसान को फूलने के बाद
फसल देने वाला ही तो भाता है

गाँव में इसलिए ठीक है
अलसी और सरसों और
तिली के फूल
जा नहीं सकते वहाँ कदापि
गुलाब और लिली के फूल

बुरा नहीं मानना चाहिए
इस गुलाब - वृत्ति का
गाँव वालों को
क्योंकि वहाँ रहना चाहिए सिर्फ ऐसे हाथ-पाँव वालों को

जो बो सकते हैं
और काट सकते हैं
कुएँ खोद सकते हैं
खाई पाट सकते हैं
और फिर भी चुपचाप
समाजवाद पर भाषण सुनकर
वोट दे सकते हैं
गुलाब के फूल को

(i) प्रस्तुत कविता में किस भाव की प्रधानता है? **[1]**

(a) हास्य
(b) प्राकृतिक सौंदर्य
(c) व्यंग्य
(d) आक्रोश

(ii) 'गुलाब' किसका प्रतीक है? **[1]**

(a) शहर के पढ़े-लिखे नौजवानों का
(b) शहर के वातावरण का
(c) शहर की ज़िंदगी का
(d) शहर की सुविधाओं का

(iii) **अभिकथन (A):** गाँव वालों को इस गुलाब-वृत्ति का बुरा नहीं मानना चाहिए।
कारण (R): गाँव में वहीं रहना चाहिए जो बो सकें, काट सकें, कुएँ खोद सकें और खाई पाट सकें। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) गुलाब गाँव में जाकर बसने के लिए क्यों तैयार नहीं है? **[2]**

(v) कविता के आधार पर लिखिए कि किसान को किस तरह के फूल भाते हैं और क्यों? **[2]**

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।' इस मिश्र वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) जैसे ही दूसरी बार हालदार साहब उधर से गुज़रे, उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(b) दूसरी बार उधर से गुज़रते समय हालदार साहब को मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(c) दूसरी बार हालदार साहब उधर से गुज़रे और उनको मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया।
(d) जब भी हालदार साहब उधर से गुज़रते हैं मूर्ति में अंतर दिखाई देता है।

Q2. 'जब मैं स्कूल पहुँचा तब प्रार्थना शुरू हो चुकी थी।', 'ललित ने कहा कि वह कल दिल्ली जाएगा।' और 'हमने एक लड़का देखा, जो बहुत बुद्धिमान था।' – इन वाक्यों में रेखांकित आश्रित उपवाक्य क्रमशः किस भेद के हैं? [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

(a) क्रियाविशेषण, संज्ञा, विशेषण आश्रित उपवाक्य
(b) संज्ञा, विशेषण, क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य
(c) विशेषण, क्रियाविशेषण, संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(d) क्रियाविशेषण, विशेषण, संज्ञा आश्रित उपवाक्य

Q3. 'उनकी भाव-भंगिमा से स्पष्ट हो रहा था कि उस प्रक्रिया में वे खीरे का रसास्वादन कर रहे हैं।' – रेखांकित उपवाक्य का भेद है – [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) प्रधान उपवाक्य
(b) संज्ञा आश्रित उपवाक्य
(c) द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य
(d) विशेषण आश्रित उपवाक्य

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'वर्षा होते ही फ़सलें लहलहा उठीं' एक सरल वाक्य है।
कारण (R): इसमें केवल एक उपवाक्य (एक कर्ता और एक मुख्य क्रिया) है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. उसके पास घड़ी तो थी, किन्तु ठीक नहीं थी। (मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. हालदार साहब को उधर से गुज़रते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए) [SQP 2025-26; SQP 2023-24] **[1]**

Q7. हालदार साहब चौराहे पर रुकते थे और मूर्ति को देखते थे। (सरल वाक्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती है और उसी की थापों पर सोती है। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q9. जब वह आटे की गोलियाँ मछलियों को खिलाते तब हम हँसा करते थे। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q10. हमने सुना कि बालगोबिन भगत का बेटा नहीं रहा। (आश्रित उपवाक्य पहचानकर उसका भेद भी लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q11. वसंत आया और वृक्ष हरे-भरे होने लगे। (सरल वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q12. वे गंगा जी की ओर चल पड़ते लेकिन हम उनके कंधे पर विराजमान रहते। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q13. मिश्र वाक्य में आश्रित उपवाक्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए। **[1]**

Q14. बच्चे वैसे करते हैं जैसे उन्हें सिखाया जाता है। (रेखांकित उपवाक्य 'जैसे उन्हें सिखाया जाता है' का भेद लिखिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q15. श्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद पहचानकर लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q16. आषाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

4. वाच्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है –
1. माता जी मिठाई बना सकती हैं।
2. मुझसे बैठा नहीं जाता।
3. भगवान द्वारा हमारी रक्षा की जाती है।
4. गर्मियों में छत पर सोया जाता है। [SQP 2023-24] **[1]**

(a) 1 और 2 सही हैं। (b) 2 और 3 सही हैं। (c) 1 और 4 सही हैं। (d) 2 और 4 सही हैं।

Q2. 'उनसे बर्थ पर सुविधा से बैठा नहीं जा रहा था।' – वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य (c) कर्तृवाच्य (d) मुख्यवाच्य

Q3. 'धान के पानी-भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं।' – यह उदाहरण है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य (c) कर्मवाच्य (d) विचार वाच्य

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'पत्र लिखा गया' कर्तृवाच्य का वाक्य है।
कारण (R): कर्तृवाच्य में क्रिया कर्ता के लिंग-वचन के अनुसार होती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. बालगोबिन भगत द्वारा पतोहू को मायके भेज दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. पतोहू ने भगत को दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q7. उद्धव द्वारा ज्ञान का उपदेश दिया गया। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q8. स्वयं प्रकाश जी ने 'नेताजी का चश्मा' कहानी की रचना की। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q9. नवाब साहब द्वारा दृढ़ निश्चय कर खीरों को उठाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q10. दादाजी से अब चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q11. तुम जा नहीं सकते। (भाववाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q12. मज़दूरों ने एक साल में यह पुल तैयार किया। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q13. मुझसे चला नहीं जाता। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[1]**

Q14. उनसे बर्थ पर सुविधा से बैठा नहीं जा रहा था। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

Q15. अनेक पाठकों ने पुस्तक की सराहना की। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q16. सुमित्रानंदन पंत ने पर्वत प्रदेश में होने वाली वर्षा का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया है। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

5. पद परिचय

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'शशि दसवीं कक्षा में पढ़ती है।' — रेखांकित पद 'दसवीं' का परिचय है : [SQP 2023-24] **[1]**

(a) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य
(b) क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, 'पढ़ना' क्रिया की विशेषता
(c) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य
(d) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, 'कक्षा' विशेष्य

Q2. 'सूरदास ने सूरसागर की रचना की।' — रेखांकित पद 'सूरदास' का परिचय है : [SQP 2020-21] **[1]**

(a) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक
(d) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

Q3. 'माताजी ने अपनी बीमारी का अहसास हमें नहीं होने दिया।' — रेखांकित पद 'अपनी' का परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'बीमारी' विशेष्य
(b) सार्वनामिक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'बीमारी' विशेष्य
(c) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक
(d) पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'वाह!' विस्मयादिबोधक अव्यय है।
कारण (R): विस्मयादिबोधक अव्यय हर्ष, शोक या आश्चर्य जैसे भाव प्रकट करते हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'विद्यालय के साथ ही एक डाकघर है।' (रेखांकित पद: के साथ) [SQP 2024-25] **[1]**

Q6. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'यह पुस्तक मेरी बड़ी बहन ने लिखी है।' (रेखांकित पद: यह) [SQP 2026-27] **[1]**

Q7. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वाह! भई खूब! क्या आइडिया है।' (रेखांकित पद: वाह) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाबाश! तुमने कितना अच्छा कार्य किया।' (रेखांकित पद: शाबाश) [SQP 2025-26] **[1]**

Q9. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाबाश! तुमने बहुत अच्छा काम किया।' (रेखांकित पद: शाबाश) [MS 2016-17] **[1]**

Q10. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उफ! बहुत ज़ोर की चोट लग गई।' (रेखांकित पद: उफ) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q11. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'आह! उपवन में सुंदर फूल खिले हैं।' (रेखांकित पद: सुंदर) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q12. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'बालगोबिन भगत का समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़ा था।' (रेखांकित पद: समूचा) [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-8-1)] **[1]**

Q13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'बहुत कहने पर वे आ गए।' (रेखांकित पद: बहुत) [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-8-1)] **[1]**

Q14. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाहनी ने दुपट्टे से आँखें पोंछी।' (रेखांकित पद: दुपट्टे से) [बोर्ड 2025 (Comptt 3-S-1)] **[1]**

Q15. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वीर पुरुषों का सर्वत्र आदर किया जाता है।' (रेखांकित पद: सर्वत्र) [SQP 2018-19] **[1]**

Q16. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'राम ने पुस्तक पढ़ी।' (रेखांकित पद: राम) **[1]**

6. अलंकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'उस काल मारे क्रोध के, तन काँपने उसका लगा। मानो हवा के जोर से, सोता हुआ सागर जगा॥' – इन पंक्तियों में अलंकार है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक (c) श्लेष (d) उपमा

Q2. 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है – [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) अतिशयोक्ति (b) श्लेष (c) उत्प्रेक्षा (d) मानवीकरण

Q3. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से कौन-सी काव्य-पंक्ति मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है? [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[1]**

(a) चरणकमल बंदौ हरि राई। (b) कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।
(c) दुख है जीवन-तरु के फूल। (d) मेघ आए बड़े बन-ठन के, सँवर के।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'वह सिंह के समान वीर है' में रूपक अलंकार है।
कारण (R): इसमें उपमेय और उपमान के बीच 'के समान' वाचक शब्द द्वारा तुलना की गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?' [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।' [SQP 2025-26] **[1]**

Q7. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा। बार बार मोहि लागि बोलावा॥' [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'चरण-कमल बंदौ हरि राई।' [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q9. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'उदित उदयगिरि मंच पर रघुबर बाल पतंग।' **[1]**

Q10. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'वह फूल-सा कोमल बालक है।' **[1]**

Q11. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसके बाल मेघ-से काले हैं।' **[1]**

Q12. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसका स्वर वीणा-सा मधुर है।' **[1]**

Q13. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'आशा की किरण दिखी।' **[1]**

Q14. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसका हृदय-सरोवर शांत है।' **[1]**

Q15. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'विद्यार्थी देश के भविष्य के बीज हैं।' **[1]**

Q16. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'वह मानो पत्थर की मूर्ति हो।' **[1]**

7. नेताजी का चश्मा

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर चश्मा क्यों लगाता था? [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) ग्राहक जुटाने के लिए
(b) उसे लगता था कि चश्मे के बिना नेताजी को असुविधा हो रही है
(c) पानवाले के कहने से
(d) नगरपालिका के आदेश से

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** मूर्ति पर बच्चों द्वारा सरकंडे का चश्मा लगाया जाना कहानी में आशा जगाता है।
कारण (R): इससे पता चलता है कि नई पीढ़ी में देशभक्तों के प्रति सम्मान और संवेदना जीवित है। [SQP 2022-23; बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. हालदार साहब कैप्टन को देखकर अवाक् क्यों रह गए? कम-से-कम दो कारण लिखिए। [बोर्ड 2025 (3-1-1); SQP 2020-21; MS 2020-21] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब उस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है। दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है। हालदार साहब का कौतूहल और बढ़ा। वाह भई क्या आइडिया है। मूर्ति कपड़े नहीं बदल सकती लेकिन चश्मा तो बदल ही सकती है।

(i) गद्यांश के अनुसार हालदार साहब नागरिकों के प्रयास को 'सराहनीय' क्यों मानते हैं? **[1]**

(a) मूर्ति बहुत बड़ी और कीमती थी।
(b) मूर्ति के पीछे नागरिकों की देशभक्ति की भावना थी।
(c) मूर्ति कुशल कलाकार ने बनाई थी।
(d) मूर्ति के कारण कस्बा प्रसिद्ध हो गया था।

(ii) 'महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है' – 'उस भावना' से तात्पर्य है – **[1]**

(a) सुंदरता की भावना
(b) स्पर्धा की भावना
(c) नेताजी के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना
(d) आत्मप्रदर्शन की भावना

(iii) **अभिकथन (A):** हालदार साहब का कौतूहल दूसरी बार जाने पर और बढ़ गया।
कारण (R): मूर्ति का चश्मा पहले वाला नहीं रहा था, बदल गया था। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) पहली बार मूर्ति पर कैसा चश्मा था? **[1]**

(a) तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा
(b) मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा
(c) काले शीशेवाला चश्मा
(d) सरकंडे का चश्मा

(v) 'मूर्ति कपड़े नहीं बदल सकती लेकिन चश्मा तो बदल ही सकती है।' – इस कथन में निहित भाव है – **[1]**

(a) मूर्ति की उपेक्षा पर दुख
(b) चश्मा बदलने के विचार पर कौतुकभरी प्रशंसा
(c) मूर्तिकार पर क्रोध
(d) नगरपालिका पर व्यंग्य

8. बालगोबिन भगत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बालगोबिन भगत के खेत की उपज पहले कहाँ जाती थी? [SQP 2020-21] **[1]**

(a) बाज़ार में
(b) कबीरपंथी मठ में
(c) गाँव के मंदिर में
(d) बेटे के पास

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** बालगोबिन भगत बेटे की मृत्यु पर भी गाते रहे और पतोहू को उत्सव मनाने को कहा।
कारण (R): उनके अनुसार आत्मा परमात्मा से मिल गई थी, इसलिए यह आनंद की बात थी। [MS 2020-21; SQP 2025-26] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. बालगोबिन भगत ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति सुधारने के लिए क्या किया? [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

ऊपर की तसवीर से यह नहीं माना जाए कि बालगोबिन भगत साधु थे। नहीं, बिलकुल गृहस्थ! उनकी गृहिणी की तो मुझे याद नहीं, उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था। थोड़ी खेतीबारी भी थी, एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था। किंतु, खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे - साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता! - कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज़ 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते - जो उनके घर से चार कोस दूर पर था - एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते!

(i) लेखक के अनुसार बालगोबिन भगत 'बिलकुल गृहस्थ' कैसे थे?
I. उनके पास खेती-बारी थी
II. उनका एक अच्छा और साफ़-सुथरा मकान था
III. उनके परिवार में बेटे और बहू के साथ-साथ उनकी गृहिणी भी मौजूद थी
IV. वे एक पारिवारिक व्यक्ति थे **[1]**

(a) I, II और III (b) II, III और IV (c) I, III और IV (d) I, II और IV

(ii) **अभिकथन (A):** गृहस्थ होते हुए भी बालगोबिन भगत साधु थे।
कारण (R): वे अपनी पारिवारिक भूमिका नहीं निभाते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) 'बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे' – पंक्ति का आशय है – **[1]**

(a) बालगोबिन भगत कबीर को बड़ा संत मानते थे।
(b) बालगोबिन भगत कबीर को ईश्वर-तुल्य मानते थे।
(c) बालगोबिन भगत कबीर को पिता-तुल्य मानते थे।
(d) बालगोबिन भगत कबीर को समाज-सुधारक मानते थे।

(iv) गद्यांश में वर्णित उदाहरणों में से कौन-सा उदाहरण सबसे बड़ा प्रमाण है कि बालगोबिन भगत कबीर को सबसे अधिक मानते थे? **[1]**

(a) सुबह-शाम, खेती-किसानी के समय भी कबीर के पदों को गाते रहना
(b) कभी झूठ न बोलना और सबसे खरा व्यवहार करना
(c) दूसरे के खेत में निवृत्त होने के लिए भी न जाना
(d) अपनी पूरी फ़सल को कबीर-दरबार में चढ़ाना और प्रसाद स्वरूप जो मिले उसे स्वयं के लिए लाना

(v) अनुच्छेद में भगत के विषय में दी गई जानकारी के आधार पर वे थे – I. पारिवारिक II. स्पष्टवादी III. सच्चे भक्त **[1]**

(a) I, II और III तीनों (b) केवल III
(c) केवल I और III (d) केवल II और III

9. लखनवी अंदाज़

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'लखनवी अंदाज़' पाठ के नवाब साहब द्वारा लेखक की तरफ़ उत्सुकता नहीं दिखाए जाने का कारण क्या था? [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[1]**

(a) लेखक से द्वेष
(b) एकांत में विघ्न और खीरे जैसी साधारण वस्तु के साथ देखे जाने का संकोच
(c) नवाब साहब की बीमारी
(d) नवाब साहब की उदासीनता

Q2. नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को खाने की जगह क्या किया? [SQP 2019-20] **[1]**

(a) बाँट दिया
(b) सूँघा और खिड़की से बाहर फेंक दिया
(c) संभालकर रख लिया
(d) लेखक को दे दिया

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** नवाब साहब ने खीरे नहीं खाए, फिर भी उन्होंने ऊँची डकार ली।
कारण (R): उन्होंने अपनी नवाबी शान बनाए रखने के लिए खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से पेट भरने का दिखावा किया। [SQP 2019-20; MS 2019-20] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. यदि लेखक ने खीरा खा लिया होता तो क्या नवाब साहब भी खीरा खा लेते? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। [SQP 2026-27; MS 2026-27; बोर्ड 2022 (3-1-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों - यह है खानदानी रईसों का तरीका! नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए। हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा - यह है खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत! हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्सट्रेक्ट तरीका ज़रूर कहा जा सकता है परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है? नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'

(i) 'यह है खानदानी रईसों का तरीका!' – इस कथन में लेखक ने क्या किया है? **[1]**

(a) नवाब साहब की प्रशंसा
(b) नवाब साहब की नक़ल
(c) नवाब साहब के दिखावे पर व्यंग्य
(d) नवाब साहब से सहमति

(ii) नवाब साहब ने खीरे को खाने के स्थान पर क्या किया? **[1]**

(a) उसे सूँघकर आनंद लिया और फेंक दिया
(b) पानी में डालकर छोड़ दिया
(c) लेखक के लिए रख दिया
(d) अगले स्टेशन पर बेच दिया

(iii) नवाब साहब की ओर से किसका शब्द सुनाई दिया? **[1]**

(a) सीटी का
(b) भरे पेट के ऊँचे डकार का
(c) ज़ोर की हँसी का
(d) खाँसी का

(iv) 'क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है?' – इस प्रश्न के पीछे का भाव है – **[1]**

(a) जिज्ञासा
(b) व्यंग्य और आश्चर्य
(c) भय
(d) सहानुभूति

(v) नवाब साहब ने खीरा न खाने का क्या कारण बताया? **[1]**

(a) खीरा सस्ता होता है
(b) खीरा लज़ीज़ होता है पर सकील होने के कारण मेदे पर बोझ डालता है
(c) खीरा खट्टा था
(d) वे उपवास पर थे

10. एक कहानी यह भी

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखिका की दृष्टि में उनकी माँ धरती की तरह किस गुण वाली थीं? **[1]**

(a) असीम धैर्य और सहनशक्ति
(b) क्रोध और ज़िद
(c) अहंकार
(d) चंचलता

Q2. पिताजी रसोई को किस नाम से पुकारते थे? **[1]**

(a) भंडारघर (b) भटियारखाना (c) चौका-घर (d) पाकशाला

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** सुशीला के विवाह और भाइयों के बाहर चले जाने के बाद लेखिका को अपने बजूद का नया एहसास हुआ।
कारण (R): उन सबकी छत्र-छाया हटते ही लेखिका को नए सिरे से अपने अस्तित्व का बोध हुआ। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. लेखिका मन्नू भंडारी ने अपनी माँ की तुलना धरती से क्यों की है? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 25-30 शब्दों में) [SQP 2025-26 (ख)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

उस समय तक हमारे परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता थी - उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक। सन् '44 में सुशीला ने यह योग्यता प्राप्त की और शादी करके कोलकाता चली गई। दोनों बड़े भाई भी आगे पढ़ाई के लिए बाहर चले गए। इन लोगों की छत्र-छाया के हटते ही पहली बार मुझे नए सिरे से अपने बजूद का एहसास हुआ। लड़कियों को जिस उम्र में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सुघड़ गृहिणी और कुशल पाक-शास्त्री बनने के नुस्खे सिखाए जाते थे, पिताजी का आग्रह रहता था कि मैं रसोई से दूर ही रहूँ। रसोई को वे भटियारखाना कहते थे और उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था।

(i) लड़की की वैवाहिक योग्यता से सिद्ध होता है कि उस परिवार की – **[1]**

(a) स्वतंत्र विचारधारा
(b) परंपरावादी मान्यता
(c) पाश्चात्य विचारधारा
(d) अत्याधुनिक सोच

(ii) उस समय लेखिका के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी? **[1]**

(a) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक
(b) उम्र में बारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक
(c) उम्र में सोलह वर्ष और शिक्षा में बारहवीं
(d) उम्र में अठारह वर्ष और शिक्षा में मैट्रिक

(iii) लेखिका को रसोई से दूर रखने के पीछे पिता का उद्देश्य क्या था? **[1]**

(a) उसे घरेलू कामों से दूर रखना
(b) उसकी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकने से बचाना
(c) अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखना
(d) स्वयं पाक-कला के महत्त्व से अपरिचित रहना

(iv) **अभिकथन (A):** लेखिका के पिता रसोई को भटियारखाना कहते थे।
कारण (R): उनके हिसाब से वहाँ रहना अपनी क्षमता और प्रतिभा को भट्टी में झोंकना था। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) सुशीला की शादी और दोनों बड़े भाइयों के बाहर चले जाने के बाद लेखिका को क्या एहसास हुआ? **[1]**

(a) नए सिरे से अपने बजूद का एहसास
(b) पिताजी के प्रति क्रोध
(c) रसोई में विशेष रुचि
(d) घर में महत्त्व बढ़ जाने का गर्व

11. नौबतखाने में इबादत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. शहनाई और डुमराँव एक-दूसरे के लिए उपयोगी क्यों हैं? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) डुमराँव में उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का जन्म हुआ।
(b) इनके परदादा उस्ताद साहब हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे।
(c) रीड की नरकट डुमराँव में सोन नदी-किनारे पाई जाती है।
(d) बिहार के संगीत प्रेमी परिवार डुमराँव में रहते थे।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. बिस्मिल्ला खाँ के व्यक्तित्व की कौन-कौन-सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया? [SQP 2016-17; MS 2016-17] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

काशी संस्कृति की पाठशाला है। शास्त्रों में आनंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित। काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य-विश्वनाथ हैं। काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं। काशी में हज़ारों सालों का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं, विद्याधरी हैं, बड़े रामदास जी हैं, मौजुद्दीन खाँ हैं व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। यह एक अलग काशी है जिसकी अलग तहज़ीब है, अपनी बोली और अपने विशिष्ट लोग हैं। इनके अपने उत्सव हैं, अपना गम। अपना सेहरा-बनना और अपना नौहा। आप यहाँ संगीत को भक्ति से, भक्ति को किसी भी धर्म के कलाकार से, कजरी को चैती से, विश्वनाथ को विशालाक्षी से, बिस्मिल्ला खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते। अकसर समारोहों एवं उत्सवों में दुनिया कहती है ये बिस्मिल्ला खाँ हैं। बिस्मिल्ला खाँ का मतलब - बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई। शहनाई का तात्पर्य - बिस्मिल्ला खाँ का हाथ। हाथ से आशय इतना भर कि बिस्मिल्ला खाँ की फूँक और शहनाई की जादुई आवाज़ का असर हमारे सिर चढ़कर बोलने लगता है। शहनाई में सरगम भरा है। खाँ साहब को ताल मालूम है, राग मालूम है। ऐसा नहीं कि बेताले जाएँगे। शहनाई में सात सुर लेकर निकल पड़े। शहनाई में परवरदिगार, गंगा मइया, उस्ताद की नसीहत लेकर उतर पड़े। दुनिया कहती - सुबहान अल्लाह, तिस पर बिस्मिल्ला खाँ कहते हैं - अलहमदुलिल्लाह।

(i) काशी के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? उचित विकल्प छाँटकर लिखिए : I. इसे शास्त्रों में आनंदकानन कहा गया है। II. यहाँ संगीत और भक्ति एक-दूसरे में रचे-बसे हैं। III. यहाँ पर संस्कृति शिक्षण के लिए एक पाठशाला का निर्माण हुआ है। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं।
(b) कथन I, II और III सही हैं।
(c) केवल कथन III सही है।
(d) कथन II और III सही हैं।

(ii) काशी को "संस्कृति की पाठशाला" क्यों कहा गया है? **[1]**

(a) अत्यंत प्राचीन होने के कारण
(b) संस्कृत पठन-पाठन की सुविधा के कारण
(c) सांप्रदायिक सद्भाव की विशिष्टता के कारण
(d) कला, साहित्य और अध्यात्म का समन्वित रूप होने के कारण

(iii) "बिस्मिल्ला खाँ का मतलब उनकी शहनाई है," ऐसा क्यों? **[1]**

(a) बिस्मिल्ला खाँ का वजूद शहनाई के बिना कुछ भी नहीं।
(b) बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई ने उनको पूरी दुनिया में पहचान दिलाई।
(c) बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई सबसे अलग और अनोखी है।
(d) बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई एक-दूसरे के पूरक और पर्याय हैं।

(iv) **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई की जादुई आवाज़ का असर सभी के ऊपर खूब होता है।
कारण (R): उनकी शहनाई तालों, रागों और सरगम के सुरों से भरी हुई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) गद्यांश में बिस्मिल्ला खाँ के साथ ही निम्नलिखित में से किन महत्त्वपूर्ण संस्कृति-कर्मियों का उल्लेख काशी के संदर्भ में हुआ है? I. पंडित कंठे महाराज II. विद्याधरी III. विशालाक्षी देवी IV. बड़े रामदास जी **[1]**

(a) I, II और III (b) I, II और IV (c) I, III और IV (d) II, III और IV

12. संस्कृति

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक के अनुसार 'सभ्यता' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) जो चीज़ अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की गई
(b) जो योग्यता केवल पूर्वजों से प्राप्त होती है
(c) जो व्यक्ति केवल अपने लिए करता है
(d) जो प्रकृति में स्वतः उत्पन्न होती है

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. 'आज का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के समान सुसंस्कृत नहीं है।' 'संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा? [SQP 2024-25; MS 2024-25 (कुंजी)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

जिस योग्यता, प्रवृत्ति अथवा प्रेरणा के बल पर आग का व सुई-धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति विशेष की संस्कृति; और उस संस्कृति द्वारा जो आविष्कार हुआ, जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की, उसका नाम है - सभ्यता। जिस व्यक्ति में पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत आविष्कर्ता होगा। एक संस्कृत व्यक्ति किसी नई चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से परिचित तो है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है, जिनसे शायद न्यूटन भी अपरिचित ही रहा हो। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

(i) सुई-धागे के आविष्कार से आगे चलकर जो प्रगति हुई, वह क्या कहलाएगी? **[1]**

(a) सभ्यता
(b) संस्कृति
(c) देश विशेष की संस्कृति
(d) समाज विशेष की संस्कृति

(ii) व्यक्ति वास्तव में संस्कृत कब कहा जा सकता है? **[1]**

(a) पहले से उपलब्ध ज्ञान की मदद से नए आविष्कार करे
(b) जब वह बिना किसी की मदद से आगे बढ़े
(c) जब वह अपने विवेक से किसी नई चीज़ की खोज करे
(d) अपने पूर्वजों की खोज में नई उपलब्धियाँ जोड़े

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है? **[1]**

(a) गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त के परिचय के साथ-साथ अन्य बातों की जानकारी सभ्यता कहलाती है।
(b) आग का आविष्कार व्यक्ति की संस्कृति के अंतर्गत आता है।
(c) जब कोई वस्तु बिना प्रयत्न प्राप्त हो जाती है तो वह संस्कृति कहलाती है।
(d) व्यक्ति में नया तथ्य जितना अधिक परिष्कृत होगा, वह उतना ही अधिक परिष्कृत आविष्कर्ता होगा।

(iv) 'जिस व्यक्ति में पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत आविष्कर्ता होगा' वाक्य में 'पहली चीज़' से लेखक का क्या अभिप्राय है? **[1]**

(a) व्यक्ति में विद्यमान उसकी योग्यता, प्रवृत्ति और प्रेरणा का बल
(b) व्यक्ति में विद्यमान उसकी बुद्धि, शक्ति और सामर्थ्य का बल
(c) व्यक्ति में विद्यमान उसका शारीरिक बल
(d) व्यक्ति में विद्यमान उसका मानसिक बल

(v) संस्कृत व्यक्ति की संतान को कौन-सी चीज़ अपने पूर्वजों से प्राप्त नहीं हुई है? **[1]**

(a) सुई-धागे का आविष्कार
(b) नए तथ्यों को खोजना
(c) गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत
(d) आग का आविष्कार

13. सूरदास — पद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'सूरदास के पद' के आधार पर बताइए कि गोपियों ने व्यंग्य कसते हुए किसे भाग्यशाली कहा है? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) श्रीकृष्ण को (b) उद्धव को (c) सूरदास को (d) स्वयं को

Q2. 'राज धरम तो यहै सूर, जो प्रजा न जाहिं सताए' – इसमें गोपियाँ किस पर व्यंग्य कर रही हैं? **[1]**

(a) कृष्ण पर, जो राजा बनकर भी प्रजा रूपी गोपियों को सता रहे हैं
(b) उद्धव पर, जो राज-काज नहीं जानते
(c) कंस पर, जो अत्याचारी था
(d) स्वयं पर, जो अधीर हैं

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** गोपियों के लिए योग-संदेश 'कड़वी ककड़ी' के समान है।
कारण (R): गोपियाँ कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम में लीन हैं, इसलिए ज्ञान-मार्ग उन्हें रुचिकर नहीं लगता। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. गोपियों ने श्रीकृष्ण के प्रति अपने एकनिष्ठ प्रेम को किन उदाहरणों के द्वारा स्पष्ट किया है? [SQP 2023-24; MS 2023-24] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही॥

(i) गोपियों को अपना धैर्य टूटता हुआ-सा क्यों लग रहा था? **[1]**

(a) उद्धव के योग-संदेश बार-बार सुनने से विरहाग्नि के और बढ़ जाने के कारण
(b) उद्धव के धीरज से प्रभावित होने के कारण
(c) विरह की पीड़ा के समाप्त हो जाने के कारण
(d) कृष्ण के लौट आने के कारण

(ii) सूरदास के इस 'पद' की भाषा है : **[1]**

(a) खड़ी बोली (b) अवधी (c) ब्रजभाषा (d) पूरबी बोली

(iii) गोपियाँ अब तक अपनी व्यथा को कैसे सहन कर रही थीं? **[1]**

(a) एक-दूसरे के दुःख के सहारे (b) कृष्ण के लौट आने की आशा के सहारे
(c) ज्ञान-मार्ग का अनुसरण करके (d) अतीत की स्मृतियों को भूलकर

(iv) **अभिकथन (A):** गोपियाँ उद्धव के समक्ष अपनी विरह-व्यथा कह रही हैं।
कारण (R): उद्धव श्रीकृष्ण द्वारा भेजे गए उनके दूत हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'मरजादा न लही' – मर्यादा का पालन किसने नहीं किया? **[1]**

(a) उद्धव ने (b) गोपियों ने (c) सूरदास ने (d) श्रीकृष्ण ने

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. परशुराम के क्रोध को शांत करने के लिए राम ने उनसे क्या कहा? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) धनुष तोड़ने वाला कोई राजकुमार है
(b) धनुष तोड़ने वाला आपका ही कोई सेवक होगा
(c) धनुष तोड़ने वाला आपका कोई मित्र होगा
(d) यह धनुष अपने आप टूट गया

Q2. लक्ष्मण और राम के वचनों में मुख्य अंतर यह था कि : [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

(a) दोनों के वचन समान रूप से कटु थे
(b) राम के वचन अधिक कठोर थे
(c) लक्ष्मण के वचन तीखे व्यंग्य से भरे थे, जबकि राम के वचन शांत और विनम्र थे
(d) लक्ष्मण मौन रहे, राम बोले

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** लक्ष्मण परशुराम की बातों पर मुसकुराते हैं।
कारण (R): लक्ष्मण परशुराम के क्रोध और डींग को हास्यास्पद तथा अनावश्यक मानते हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है' – इस कथन पर 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर अपने विचार लिखिए। [SQP 2023-24; SQP 2024-25; MS 2023-24, 2024-25] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा॥
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही॥
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई॥
सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने॥
बहु धनुहीं तोरीं लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं॥
एहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू॥
रे नृप बालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार॥

(i) 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा' – पंक्ति के संदर्भ में राम के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? **[1]**

(a) वीरता (b) संयम (c) विनम्रता (d) सरलता

(ii) परशुराम ने शिव-धनुष तोड़ने वाले को क्या चेतावनी दी? **[1]**

(a) सहस्रबाहु के समान शत्रु मानकर समाज से अलग हो जाने की, अन्यथा सब राजाओं के मारे जाने की
(b) जनक से क्षमा माँगने की
(c) जीवन भर उनकी सेवा करने की
(d) अयोध्या लौट जाने की

(iii) 'न त मारे जैहहिं सब राजा' – यह कथन परशुराम के किस भाव का परिचायक है? **[1]**

(a) शौर्य का (b) गौरव का (c) क्रोध का (d) दया का

(iv) पद्यांश के अनुसार 'सेवक' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) जो मधुर वचन बोले
(b) जो सेवा का कार्य करे
(c) जो कभी क्रोध न करे
(d) जो विनम्र व्यवहार करे

(v) परशुराम की धनुष पर ममता का क्या कारण था? **[1]**

(a) वह उनके गुरु विश्वामित्र का धनुष था
(b) वह उनके पिता का आशीर्वाद था
(c) वह बहुत प्राचीन धनुष था
(d) वह उनके आराध्य शिव का धनुष था

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कवि अपने जीवन-पथ की थकान किसके सहारे दूर करता है? [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) अपने अतीत की दुखद स्मृतियों के सहारे
(b) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे
(c) विविध साहित्य-मनन के सहारे
(d) मित्रों की बातों के सहारे

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर उन तथ्यों का उल्लेख कीजिए जिनका उल्लेख कवि अपनी आत्मकथा में नहीं करना चाहता। [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

मधुप गुन-गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।
यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।
भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।

(i) काव्यांश में 'मधुप' से अभिप्राय है : **[1]**

(a) मन रूपी भौंरा, जो गुनगुनाकर अपनी कहानी कह रहा है
(b) संसार रूपी भ्रमर
(c) लोलुप मित्रगण
(d) पाठक वर्ग

(ii) **अभिकथन (A):** कवि अपनी आत्मकथा नहीं लिखना चाहता।
कारण (R): महान लोगों की असंख्य आत्मकथाएँ इस साहित्य-संसार में पहले से ही मौजूद हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) कवि ने अपने मित्रों से क्या-क्या सवाल किए हैं?
(I) क्या तुम मेरे जीवन का खालीपन देखकर सुखी हो पाओगे?
(II) आत्मकथाओं का उपहास उड़ाया जाता है, फिर तुम क्यों चाहते हो कि मैं अपनी दुर्बलता कहूँ?
(III) कहीं मेरे जीवन का सुख लेकर तुमने अपना जीवन तो नहीं भर लिया? **[1]**

(a) केवल I
(b) केवल I और II
(c) केवल II और III
(d) I, II और III तीनों

(iv) कवि 'विडंबना' किसे कहता है? **[1]**

(a) अपने मित्रों की सफलता को
(b) अपनी सरलता के कारण धोखा खाने और फिर उसका उपहास होने की स्थिति को
(c) मधुप के गुनगुनाने को
(d) पत्तियों के झड़ने को

(v) 'किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले, अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले' का आशय है : **[1]**

(a) कहीं ऐसा न हो कि मित्र ही कवि के जीवन-रस को लेकर अपनी गागर भर चुके हों
(b) कवि अपनी गागर मित्रों को दे देना चाहता है
(c) मित्र कवि की सहायता करना चाहते हैं
(d) कवि मित्रों से रस माँगता है

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'उत्साह' कविता में बादल को बार-बार जिस शब्द से संबोधित किया गया है, वह है – **[1]**

(a) ओ धाराधर! (b) ओ पावस! (c) ओ मेघराज! (d) ओ सवेरे!

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. आपके पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता में फागुन के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है? उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए। [SQP 2021-22 Term 2; बोर्ड 2022 (3-2-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।

कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।

पत्तों से लदी डाल
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध-पुष्प-माल,
पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही है।

(i) प्रस्तुत काव्यांश में कवि फागुन से किस रूप में संबोधित है? **[1]**

(a) एक बालक के रूप में (b) अपने प्रिय के रूप में
(c) एक योद्धा के रूप में (d) एक कलाकार के रूप में

(ii) 'घर-घर भर देते हो' – पंक्ति का भावार्थ है – **[1]**

(a) फागुन घर-घर जाकर धन-दौलत बाँटता है।
(b) फागुन की खुशबू और रंग हर घर में फैल जाते हैं।
(c) फागुन में लोग घर-घर जाकर उपहार देते हैं।
(d) फागुन घर-घर आकर झूले पर बैठता है।

(iii) **अभिकथन (A):** कवि फागुन के सौंदर्य से अभिभूत है।
कारण (R): फागुन की साँस और रंग ही अद्भुत पंखों से कवि को आकाश में उड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) 'पत्तों से लदी डाल, कहीं हरी, कहीं लाल' – इन पंक्तियों में डालियों की किस विशेषता पर ध्यान केंद्रित किया गया है? **[1]**

(a) डालियों की सुगंध पर (b) नए पत्तों के रंगों की विविधता पर
(c) डालियों की लंबाई पर (d) पत्तों के झरने पर

(v) काव्यांश में 'मंद-गंध-पुष्प-माल' का अर्थ है – **[1]**

(a) मंद गति से बहती नदी (b) हल्की सुगंध वाले फूलों की माला
(c) मंद बादलों की छाया (d) धीमी आवाज़ में गूँजता गान

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे के धूल-धूसरित शरीर को देखकर पिता को कैसा लगता है? [बोर्ड 2024 (3-3-1); SQP 2023-24 (प्र. 10 क)] **[1]**

(a) जैसे झोपड़ी कमल के फूल में रूपांतरित हो गई हो
(b) जैसे झोपड़ी में कमल का फूल खिल गया हो
(c) जैसे झोपड़ी के चारों ओर कमल खिल गए हों
(d) जैसे चारों तरफ कीचड़ और झोपड़ी कमल का फूल हो

Q2. 'धूलि-धूसर से युक्त शरीर किसका है?' [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) कवि का (b) पिता का (c) माता का (d) शिशु का

Q3. 'बाँस था कि बबूल?' - पंक्ति में बाँस और बबूल किनके प्रतीक हैं? **[1]**

(a) कोमल हृदय वालों के (b) कठोर और निष्ठुर हृदय वालों के
(c) बच्चों के (d) माता-पिता के

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे और कवि के बीच संवाद के माध्यम से गहरा संबंध स्थापित होता है।
कारण (R): बच्चे की मुसकान ही उनके बीच का मुख्य संचार का माध्यम है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!' कवि ने स्वयं को 'चिर प्रवासी', 'इतर' और 'अन्य' क्यों कहा है? 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर लिखिए। [SQP 2024-25 (प्र. 10 ग)] **[2]**

Q6. 'फसल' कविता में 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' किसे कहा गया है? [SQP 2019-20 (प्र. 9 ख)] **[2]**

Q7. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बाँस या बबूल की संज्ञा से किसे संबोधित किया गया है और क्यों? [बोर्ड 2026 Main (3-1-1)] **[2]**

Q8. फूल ने कवि को कौन-सा छोटा-सा सत्य सौंपा? [SQP 2018-19 (पठित कविता प्रश्न)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल?
तुम मुझे पाए नहीं पहचान?

(i) 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पंक्ति से कवि क्या कहना चाहता है? **[1]**

(a) पत्थर सचमुच पिघल गया
(b) कठोर हृदय भी शिशु के स्पर्श से द्रवित हो गया होगा
(c) पानी का जमना
(d) पत्थर का बहना

(ii) 'परस' शब्द का अर्थ है : **[1]**

(a) दर्शन (b) स्पर्श (c) स्मरण (d) सुगंध

(iii) 'झरने लग पड़े शेफालिका के फूल' में कवि का भाव है : **[1]**

(a) शिशु के स्पर्श से मन में आनंद और उल्लास का संचार
(b) शिशु के प्रति भय
(c) फूलों के सूखने का दुख
(d) वर्षा की आशंका

(iv) **अभिकथन (A):** बाँस और बबूल कठोर और निष्ठुर हृदय वाले लोगों के प्रतीक हैं।

कारण (R): शिशु की मुसकान ऐसे लोगों के हृदय को भी कोमल बना देती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'तुम मुझे पाए नहीं पहचान?' - यह प्रश्न कवि ने किससे पूछा है? **[1]**

(a) शिशु से (b) माँ से (c) पड़ोसी से (d) मित्र से

18. मंगलेश डबराल — संगतकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. संगतकार का स्वर मुख्य गायक की सहायता कब करता है? [SQP 2022-23] **[1]**

(a) जब ऐसा करने के लिए उसका मन उससे कहता है
(b) जब गायन को प्रभावी बनाकर वह वाहवाही लूटना चाहता है
(c) गायक के द्वारा किसी पंक्ति विशेष को गाने का आग्रह किए जाने पर
(d) गायक का कंठ कमज़ोर होने तथा प्रेरणा व उत्साह में गिरावट आने पर

Q2. संगतकार कब आता है? **[1]**

(a) जब मुख्य गायक को सहारे की ज़रूरत होती है
(b) जब श्रोता माँगते हैं
(c) जब तबला बजता है
(d) जब उत्सव होता है

Q3. 'जब वह नौसिखिया था' — इस वाक्य में 'वह' किसके लिए आया है? [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[1]**

(a) संगतकार (b) मुख्य गायक (c) संयोजक (d) बाँसुरी वादक

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** संगतकार की हिचक को विफलता समझा जाना चाहिए।
कारण (R): हिचक संगतकार की मनुष्यता का परिचायक है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. "और यह कि फिर से गाया जा सकता है गाया जा चुका राग" - यह पंक्ति संगतकार के स्वर में किस भावना और विश्वास को व्यक्त करती है? [SQP 2026-27 (प्रश्न 10 IV); MS 2026-27] **[2]**

Q6. कवि के अनुसार 'गाया जा चुका राग' फिर से गाया जा सकता है — इस पंक्ति से जीवन के लिए क्या संदेश मिलता है? **[2]**

Q7. संगतकार की आवाज़ में हिचक क्यों सुनाई देती है? [SQP 2016-17 (प्रश्न 11 ख); MS 2016-17] **[2]**

Q8. 'तारसप्तक' में जब बैठने लगता है उसका गला। यहाँ 'तारसप्तक' से क्या अभिप्राय है? [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज़ में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(i) 'वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी' — इस पंक्ति में 'सुंदर' का अर्थ है : **[1]**

(a) मधुर और आकर्षक (b) कठोर (c) ऊँची (d) भारी

(ii) 'वह मुख्य गायक का छोटा भाई है / या उसका शिष्य' — इन पंक्तियों से संगतकार के बारे में पता चलता है कि वह : **[1]**

(a) मुख्य गायक से किसी न किसी रूप में जुड़ा होता है
(b) मुख्य गायक का प्रतिद्वंद्वी होता है
(c) कभी गाना नहीं गाता
(d) मुख्य गायक से दूर रहता है

(iii) 'मुख्य गायक की गरज़ में' — 'गरज़' से आशय है : **[1]**

(a) ऊँची और प्रभावशाली ध्वनि
(b) धीमी और मधुर ध्वनि
(c) सुर से भटका स्वर
(d) तबले की थाप

(iv) 'वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी' — इससे संगतकार की किस विशेषता का संकेत मिलता है? **[1]**

(a) विनम्रता और संकोच
(b) अहंकार और दिखावा
(c) कर्कश और ऊँचा स्वर
(d) निडरता और आत्मविश्वास

(v) **अभिकथन (A):** संगतकार प्राचीन काल से मुख्य गायक का साथ देता आया है।
कारण (R): वह मुख्य गायक की गरज़ में अपनी गूँज मिलाता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

19. माता का अँचल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बच्चे मूसन तिवारी को किस प्रकार चिढ़ाते थे ? **[1]**

(a) तालियाँ बजाकर नाचते हुए
(b) गीत गाकर उनका स्वागत करते हुए
(c) 'बुढ़वा बेईमान माँगे करैला का चोखा' कहकर
(d) उनकी छड़ी छीनकर भाग जाते हुए

Q2. शिवपूजन सहाय द्वारा रचित 'माता का अँचल' पाठ किस रचना का अंश है ? **[1]**

(a) देहाती दुनिया (b) मैला आँचल (c) गोदान (d) तीसरी कसम

Q3. भोलानाथ और उसके साथियों की खेल-सामग्री के बारे में कौन-सा कथन सही है ? **[1]**

(a) वह बाज़ार से खरीदे महँगे खिलौनों की होती थी
(b) वह घर की सामान्य, फालतू चीज़ों से बनी होती थी
(c) वह केवल मिट्टी की गुड़ियों तक सीमित थी
(d) वह विदेशी खेलों की सामग्री थी

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** भोलानाथ अपने पिता से गहरा लगाव रखता था।
कारण (R): पिता उसके साथ नहाते-खेलते, कुश्ती लड़ते और उसकी बाल-क्रीड़ाओं में साथी बन जाते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. मूसन तिवारी को चिढ़ाने के कारण भोलानाथ को क्या दंड मिला ? पिता ने उसे कैसे बचाया ? [बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. भोलानाथ के साथियों द्वारा खेले जाने वाले किन्हीं दो खेलों का उल्लेख कीजिए। **[2]**

Q7. 'माता का अँचल' पाठ से हमें बाल-मनोविज्ञान की कौन-सी बात पता चलती है ? **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बालक भोलानाथ के भयभीत हो जाने वाली घटना का उल्लेख कीजिए। भयभीत भोलानाथ पिता के पास न जाकर माँ के पास ही क्यों गया ? लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [बोर्ड 2022 (3-3-1)] **[4]**

Q9. भोलानाथ और उसके दोस्तों के खेल आज के बच्चों के खेलों से किस रूप में भिन्न हैं ? आपको दोनों में से कौन-से खेल अधिक पसंद हैं और क्यों ? लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[4]**

Q10. 'माता का अँचल' पाठ में तीस के दशक की ग्राम्य संस्कृति का चित्रण है। आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-4-1); SQP 2025-26; MS 2025-26] **[4]**

Q11. "माता का प्रेम, पिता के प्रेम की अपेक्षा अधिक गहन होता है।" – 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इस कथन पर विचार कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2023-24] **[4]**

20. साना-साना हाथ जोड़ि

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बौद्ध मान्यता के अनुसार शांति और अहिंसा की प्रतीक सफ़ेद पताकाएँ कब फहराई जाती हैं ? **[1]**

(a) किसी नए कार्य की शुरुआत पर
(b) विवाह के अवसर पर
(c) किसी बौद्ध की मृत्यु होने पर
(d) पर्यटकों के स्वागत में

Q2. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ की विधा क्या है ? **[1]**

(a) कहानी (b) यात्रा-वृत्तांत (c) रेखाचित्र (d) निबंध

Q3. लेखिका के सिक्किम-यात्रा के रास्ते में लगातार साथ-साथ बहने वाली नदी कौन-सी थी ? **[1]**

(a) ब्रह्मपुत्र (b) तिस्ता (c) गंगा (d) कोसी

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** सीमा पर तैनात सैनिकों के जीवन को देखकर लेखिका गहराई तक विचलित हो उठीं।
कारण (R): सैनिक कड़कड़ाती ठंड में चौबीसों घंटे पहरा देते हैं ताकि देश के नागरिक चैन की नींद सो सकें। [SQP 2026-27 से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. रंगीन और सफ़ेद बौद्ध पताकाएँ किसकी प्रतीक हैं ? [बोर्ड 2024 (कंपार्टमेंट)] **[2]**

Q6. कटाओ पर किसी दुकान के न होने का क्या लाभ है ? [SQP 2017-18; SQP 2020-21; MS 2020-21] **[2]**

Q7. गंगटोक की सुबह लेखिका को कैसी प्रतीत हुई और उसने कौन-सा दृश्य न दिखने पर निराश किया ? **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. "हम सभी नदियों और पर्वतों के ऋणी हैं" – कैसे ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2022 (3-2-1); बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट)] **[4]**

Q9. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में लेखिका को कब और क्यों लगा कि तमाम भौगोलिक विविधता और वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद भारत की आत्मा एक ही है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[4]**

Q10. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में 'कटाओ को हिंदुस्तान का स्विट्ज़रलैंड' क्यों कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (दूसरी बोर्ड 3-8-1); MS 2017-18] **[4]**

Q11. "यंत्रों की दुनिया ने मनुष्य को यांत्रिक व भाव-शून्य बनाने का कार्य किया है, जबकि यात्राएँ मनुष्य को भाव-शून्य होने से रोकती हैं।" 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2025-26; MS 2025-26] **[4]**

21. मैं क्यों लिखता हूँ?

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. अज्ञेय ने किस शहर की यात्रा के अनुभव के आधार पर अपनी प्रसिद्ध कविता का उदाहरण दिया है ? **[1]**

(a) नागासाकी (b) टोक्यो (c) हिरोशिमा (d) बीजिंग

Q2. हिरोशिमा की घटना को 'मनुष्य निर्मित विभीषिका' क्यों कहा गया है ? **[1]**

(a) यह प्राकृतिक आपदा थी
(b) यह मनुष्य द्वारा बनाए अणु-बम से घटित विनाश था
(c) यह भूकंप के कारण हुई
(d) यह आग लगने से हुई

Q3. अज्ञेय के अनुसार लेखक अपनी रचना के माध्यम से किसे जानने का प्रयास करता है ? **[1]**

(a) दूसरों की कमज़ोरियों को (b) स्वयं को और अपनी भीतरी विवशता को
(c) बाज़ार की माँग को (d) पाठकों की पसंद को

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** अज्ञेय के लिए लिखना भीतरी विवशता है।
कारण (R): जब तक अनुभूति शब्दों में व्यक्त नहीं हो जाती, तब तक रचनाकार को मानसिक शांति नहीं मिलती। [SQP 2025-26 से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. लेखक ने हिरोशिमा में क्या-क्या देखा ? [बोर्ड 2025 (3-2-1); बोर्ड 2026 (3-4-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. 'पत्थर पर अंकित मनुष्य की छाया' क्या दर्शाती है ? **[2]**

Q7. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ में 'आत्म-परिचय' का क्या महत्त्व बताया गया है ? **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. लेखक ने 'लिखने' को लेकर कौन-कौन-से कारण प्रस्तुत किए ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (कंपार्टमेंट); SQP 2023-24] **[4]**

Q9. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर लिखिए कि हिरोशिमा में लेखक ने क्या-क्या देखा और उसकी अनुभूति को किसने झकझोरा ? हिरोशिमा की विभीषिका से मनुष्य-जगत क्या सीख सकता है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[4]**

Q10. रचनाकार की भीतरी विवशता ही उसे लेखन के लिए मजबूर करती है और लिखकर ही रचनाकार उससे मुक्त हो पाता है। 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर हिरोशिमा घटना से जोड़ते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2022-23; MS 2022-23] **[4]**

Q11. विज्ञान के जहाँ सदुपयोग हैं, वहीं दुरुपयोग भी हैं। विज्ञान के दुरुपयोगों में हिरोशिमा की घटना सबसे खतरनाक है। आपकी नज़र में विज्ञान का कहाँ-कहाँ और किस रूप में ग़लत उपयोग किया जा रहा है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के संदर्भ में लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (कंपार्टमेंट); बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[4]**

22. अनुच्छेद लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. 'भारतीय रसोई में बसता है सेहत का खजाना' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • भारतीय रसोईघर : एक औषधालय • संतुलित एवं संपूर्ण आहार • स्वादिष्ट और सेहतमंद आहार [SQP 2026-27] **[6]**

Q2. 'ऑनलाइन गेमिंग का बढ़ता जाल' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • ऑनलाइन गेमिंग क्या है? • बच्चों और किशोरों पर बढ़ती पकड़ • ऑनलाइन गेमिंग के दुष्परिणाम [SQP 2025-26; बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[6]**

Q3. 'ऑनलाइन खरीदारी : समय की माँग' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय • बदलते समय की आवश्यकता • खरीदारी के समय सावधानियाँ [बोर्ड 2022 (3-1-1); बोर्ड 2023 (3-4-1); द्वितीय बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[6]**

Q4. 'बुजुर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • समाज में बुजुर्गों की वर्तमान स्थिति • इसके कारण • समुदाय की जवाबदेही • सुझाव [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[6]**

Q5. 'डिजिटल दौर में मानवीय संपर्क' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • मानवीय संपर्कों की आवश्यकता • वर्चुअल संबंध और वास्तविक संबंधों में कमी • वर्तमान समय की माँग [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[6]**

23. पत्र लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आप आनंदी/आनंद हैं। अपने क्षेत्र में बिजली की कटौती से उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए किसी लोकप्रिय दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2025-26] **[5]**

Q2. पर्दे पर प्रदर्शित की जाने वाली हिंसक और अश्लील सामग्री से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को देव/देवांशी की ओर से लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। [बोर्ड 2025 (Comptt 3-S-1)] **[5]**

Q3. अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों की समुचित सफ़ाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। [SQP 2019-20] **[5]**

Q4. आप रेवा/रवि हैं। आपको माताजी के पत्र से पता चला है कि आपके छोटे भाई का स्वभाव, बोलने का तरीका दिन-प्रतिदिन उग्र होता जा रहा है। संयमित व्यवहार और मीठी वाणी का महत्त्व समझाते हुए उसे लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2026-27] **[5]**

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आप मेधावी / माधव हैं। आपने पत्रकारिता में अपना अध्ययन पूरा कर लिया है। किसी प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार का पद रिक्त है। आप उक्त पद की योग्यता (पत्रकारिता में स्नातक) को धारण करते हैं। उक्त रिक्त पद हेतु समाचार पत्र के प्रमुख को आवेदन भेजने के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। [SQP 2024-25] **[5]**

Q2. आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आपने हाल ही में पुस्तकालय-विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। शहर के सबसे बड़े सार्वजनिक पुस्तकालय में कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष की रिक्ति के लिए आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[5]**

Q3. आप मेधावी / माधव हैं। ए.टी.एम. कार्ड न मिलने की सूचना देते हुए संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। [SQP 2024-25] **[5]**

Q4. आप आमना/अमन हैं। अ.ब.स. बैंक के प्रबंधक को, एक शहर से दूसरे शहर में बचत खाता स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जानने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[5]**

Q5. प्रदूषण से बचने के लिए पर्यावरण विभाग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। [SQP 2024-25] **[4]**

Q6. "धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है" विषय पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[4]**

Q7. (ख) आपके कक्षा अध्यापक को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए। [SQP 2024-25] **[4]**

Q8. (ii) आप नंदिनी/नंदन हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने प्रिय अध्यापक को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए। [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[4]**

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण)

Ch. 1: Q1(i)-(b), Q1(ii)-(a), Q1(iii)-(b)

Ch. 2: Q1(i)-(c), Q1(ii)-(a), Q1(iii)-(a)

Ch. 3: Q1-(c), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 4: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(d)

Ch. 5: Q1-(a), Q2-(c), Q3-(a), Q4-(a)

Ch. 6: Q1-(a), Q2-(d), Q3-(d), Q4-(d)

Ch. 7: Q1-(b), Q2-(a), Q4(i)-(b), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(b), Q4(v)-(b)

Ch. 8: Q1-(b), Q2-(a), Q4(i)-(d), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(b), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(a)

Ch. 9: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(a), Q5(i)-(c), Q5(ii)-(a), Q5(iii)-(b), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(b)

Ch. 10: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(a), Q5(i)-(b), Q5(ii)-(a), Q5(iii)-(b), Q5(iv)-(a), Q5(v)-(a)

Ch. 11: Q1-(c), Q3(i)-(a), Q3(ii)-(d), Q3(iii)-(d), Q3(iv)-(a), Q3(v)-(b)

Ch. 12: Q1-(a), Q3(i)-(a), Q3(ii)-(c), Q3(iii)-(c), Q3(iv)-(a), Q3(v)-(b)

Ch. 13: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(a), Q5(ii)-(c), Q5(iii)-(b), Q5(iv)-(a), Q5(v)-(d)

Ch. 14: Q1-(b), Q2-(c), Q3-(a), Q5(i)-(c), Q5(ii)-(a), Q5(iii)-(c), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(d)

Ch. 15: Q1-(b), Q3(i)-(a), Q3(ii)-(c), Q3(iii)-(d), Q3(iv)-(b), Q3(v)-(a)

Ch. 16: Q1-(a), Q3(i)-(b), Q3(ii)-(b), Q3(iii)-(a), Q3(iv)-(b), Q3(v)-(b)

Ch. 17: Q1-(b), Q2-(d), Q3-(b), Q4-(d), Q9(i)-(b), Q9(ii)-(b), Q9(iii)-(a), Q9(iv)-(a), Q9(v)-(a)

Ch. 18: Q1-(d), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(d), Q9(i)-(a), Q9(ii)-(a), Q9(iii)-(a), Q9(iv)-(a), Q9(v)-(a)

Ch. 19: Q1-(c), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 20: Q1-(c), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 21: Q1-(c), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a)